




नवभारत

भोपाल, गुरुवार 25 दिसम्बर, 2025


## एक नजर में

### अटलजी की प्रतिमा का अनावरण आज

**ब्यावरा 24 दिसम्बर, का.** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम आज भव्य समारोह के साथ होगा. आज प्रात: 10 बजे स्थानीय पीपल चौराहा पर प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम होगा. कार्यक्रम राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार के मुख्य आतिथ्य एवं सांसद रोडमल नागर, जिला विकास सलाहकार समिति अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव के विशेष अतिथि तथा नगर पालिका परिषद अध्यक्षा श्रीमती लीलादेवी फूलसिंह कुशवाह की अध्यक्षता में होगा.

### आज बंद रहेगी कृषि मंडी

**ब्यावरा 24 दिसम्बर, का.** स्थानीय कृषि उपज मंडी में आज क्रिसमस डे के उपलक्ष्य में अवकाश रहेगा. मंडी प्रबंधन के अनुसार क्रिसमस डे के उपलक्ष्य में आज कृषि मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा. अत: किसान भाई अपनी उपज आज विक्रय के लिए मंडी में न लावे.

### बांग्लादेश निर्मम हत्या के विरोध में प्रदर्शन आज

**सारंगपुर 24 दिसम्बर, सं.** सर्व हिन्दू समाज के सभी धर्मप्रेमी नागरिक बांग्लादेश में हिन्दू युवक दीपु चंद्र दास की निर्मम हत्या के विरोध में हिन्दू समाज द्वारा बंगला देश के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए आज शाम 4 बजे मुखर्जी चौक से बस स्टैंड पर पुतला दहन किया जाएगा. यह कार्यक्रम बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में आयोजित किया जा रहा है.

### नगर में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन आज

**जीरापुर 24 दिसम्बर, सं.** नगर में आज हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया है. जिसमें भव्य शोभायात्रा, भूमि पूजन, कलश यात्रा रामलीला चौक शिव मंदिर से दोपहर एक बजे शुरू होकर बुधवारिया बाजार से इंदर चौराहा होते हुए नवीन हाट बाजार पहुंचेगी. नगर के सभी धर्मप्रेमी, मातृशक्तियों से आव्हान किया गया है कि मातृशक्ति पीली साड़ी पहनकर कलश यात्रा को गरिमामय बनावे. कलश की व्यवस्था आयोजन स्थल पर की गई है. समस्त धर्मप्रेमी शोभा यात्रा में सम्मिलित होकर सहभागिता निभाएं.

### भोपाल में प्रजापति समाज द्वारा मुख्यमंत्री का सम्मान

**ब्यावरा 24 दिसम्बर, का.** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के शासन के दो वर्ष के उपलक्ष्य पर कुम्भकार प्रजापति समाज के द्वारा उनका सम्मान 28 दिसम्बर को सांची स्टार होटल भोपाल विदिशा रोड पर सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक सम्मान करने का निर्णय लिया गया है. जिसमें म.प्र. के सभी प्रजापति समाज के लोग उपस्थित रहेंगे. जिसमें राजगढ़ जिले से भी प्रजापति समाज के लोग अधिक से अधिक संख्या में मुख्यमंत्री के सम्मान समारोह में शामिल होंगे.

### निकाली बाइक रैली, हिंदू सम्मेलन के दे रहे आमंत्रण

**सुठालिया 24 दिसम्बर, सं.** 4 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर 28 दिसंबर को शहर में निकाली जाने वाली शोभायात्रा के तारतम्य में बाइक रैली निकाली. रैली का समापन बस स्टैंड पर हुआ. इसके पश्चात बंग्लादेश में एक हिंदू युवक की हत्या के विरोध में बांग्लादेश के खिलाफ 2 मिनट का मौन रखा. नगर के मुख्य बाजार सहित शंकर रोड व मधुसूदनगढ़ रोड बस स्टेंड आदि क्षेत्र में प्रत्येक घर से महिला पुरुष को आमंत्रण दिया.

# बेसहारा गौवंश एक लाख, गौशाला 150

## सुरक्षित जगह विस्थापित के निर्देश, फिर भी दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर गौवंश

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 24 दिसम्बर, का. बारिश के बाद अब कड़ाके की ठंड में भी जिले में हजारों की संख्या में बेसहारा गौवंश खुले आसमान के नीचे सड़क, चौराहों, हाइवे पर रहने को मजबूर है. जिले में बेसहारा गौवंश की संख्या का आंकड़ा एक लाख से ऊपर जा पहुंचा है जबकि गौशाला मात्र 150 ही संचालित है.**

गौवंश को पूरी तरह से संरक्षण एवं उनकी देखभाल करने की पहल करते हुए जिला प्रशासन द्वारा बेसहारा गौवंश की सुरक्षा हेतु उन्हें सुरक्षित स्थानों पर रखे जाने के सख्त निर्देश दिए गये बावजूद इसके आज भी हजारों की संख्या में गौवंश सड़क, चौराहो, हाईवे पर देखे जा सकते है.

बेसहारा गौवंश को सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित करने के निर्देश देने के साथ ही कहा गया था कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेसहारा गौवंश को सुरक्षित करने के लिए सतत् देखरेख की जाये. अन्य मार्गो पर मनरेगा से कर्मचारी तैनात कर मवेशियों को सुरक्षित किया जाये ताकि सड़क, हाईवे, चौराहों पर विचरण करने वाले गौवंश सड़क दुर्घटना का कारण न बने और उन्हें उचित आश्रम मिल सके.





### कागजों तक सिमटे आदेश

बेसहारा गौवंश की सुरक्षा के लिए जारी आदेश मानों कागजों तक ही सिमट कर रहे गये. आज जिले भर में हजारों की संख्या में बेसहारा गौवंश सड़को पर रहने को मजबूर है. आये दिन सड़क दुर्घटनाओं में गौवंश की मौत होने के मामले सामने आते रहे है, बारिश के बाद अब कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे गौवंश रह रहे है.


**सड़क, चौराहों पर डेरा** - नगर में ही बड़ी संख्या में बेसहारा गौवंश है. कही ठोर ठिकाना नहीं मिलने से सैकड़ो की संख्या में गौवंश नगर की सड़क, चौराहों पर देखे जा सकते है. व्यस्त यातायात के बीच गौवंश के जमावड़े से यातायात बाधित होकर आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है.

### बेसहारा गौवंश की संख्या एक लाख से अधिक

हाल ही में हुए गौवंश की गणना में जिले में ही बेसहारा गौवंश की संख्या एक लाख से अधिक बताई जाती है. जबकि जिले में गौशालाओं की तादाद नाममात्र है. जानकारी के अनुसार जिले भर में 150 गौशालाएं संचालित है. जिनमें 111 से अधिक गौशालाएं शासकीय तथा अन्य गौशालाएं अशासकीय है. अधिकांशत: गौशाला में गौवंश के रहने की क्षमता 100 के आसपास है. इस तरह 15 हजार के आसपास ही गौवंश गौशालाओं में रह रहा है. जिले में बेसहारा गौवंश की संख्या को देखते हुए गौशाला की संख्या ऊंट के मुहं में जीरे के समान है.

### दिसम्बर माह में दूसरी बार लगा नि:शुल्क नेत्र शिविर

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 24 दिसम्बर, का.** श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर बुधवार को नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन रखा गया जिसमें 286 मरीजों की जांच कर दवाई एवं चश्में वितरित किए गये एवं 154 मरीजों को भर्ती कर ऑपरेशन के लिए आनंदपुर भेजा गया. इस बार 10 दिसम्बर को आयोजित शिविर में नेत्र रोगियों की काफी संख्या होने के चलते मंदिर ट्रस्ट द्वारा इसी माह एक और नेत्र शिविर 24 दिसम्बर को आयोजित किया. मंदिर धाम पर श्री सदगुरू नैत्र चिकित्सालय आनंदपुर के सहयोग से लगने वाले नैत्र शिविर में 286 मरीजों की जांच की गई. शिविर में डा.अभिषेक सुमन, नैत्र सहायक जितेन्द्र कुमार, केम्प प्रभारी जीतू पाठक, आर.पी.शुक्ला, कल्पेश शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, प्रदुम्न शर्मा विशेष सहयोग रहा. मंदिर ट्रस्ट के सदस्यगण व्यवस्थाओं में लगे रहे.




# भगवान की भक्ति प्रेम के भाव से करे तो बेड़ा पार है

## दूसरे दिन कथा पंडाल में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 24 दिसम्बर, सं. नगर में जीरापुर रोड स्थित मंडी प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन बुधवार को श्रद्धालुओं में अपार उत्साह देखा गया. कथा वाचन प्रेम नारायण गेहूं खेड़ी वाले के मुखारविंद से हो रही** है जो 29 दिसंबर तक चलेगी.

उन्होंने बताया कि भगवान की भक्ति प्रेम के भाव से करना चाहिए भगवान भाव के भूखे हैं केवट की भक्ति के बारे में बताया कि उसे कोई मंत्र नहीं आता था. पर वहां भाव से भगवान राम के चरण धोकर भवसागर से पार हो गया. जिस व्यक्ति का रहन-सहन भाव और वाणी मधुर होती है और जो धर्म में रुचि रखता है वह स्वर्ग से आया है. और स्वर्ग ही जाएगा. इसके विपरीत गलत आचरण वाला व्यक्ति अन्य गंतव्य तक जाएगा. उन्हें श्रद्धालुओं को सलाह दी की जीवन में अच्छे विचार वाले लोगों का साथ चुनना चाहिए. उन्हें सत्संग के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि गुरु से ज्ञान लेकर बुरे लक्षण छोड़ दिए जा सकते हैं गुण का अनुसरण करने से व्यक्ति सिद्ध होता है. यह कहा कि आज दुनिया दिखावटी बनती जा रही है. असली और नकली की पहचान कठिन हो गई है युवा पीढ़ी को दिखावे से दूर रहकर सच्ची भक्ति और अध्यात्म की ओर लौटना चाहिए. उन्होंने स्पष्ट किया की संपत्ति पैसा और रिश्ते सब धरा में रह जाएंगे केवल भक्ति और भजन ही जीवन में साथ रहते हैं. पहले दिन भक्तों की संख्या अधिक होने के कारण पंडाल छोटा पड़ गया था. लेकिन लगातार श्रद्धालुओं का आगमन जारी रहा.



# गौवंश के इलाज में नहीं बरती जा रही गंभीरता

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 24 दिसम्बर, का.** एक और जहां नगर में सैकड़ो की संख्या में बेसहारा गौवंश सड़कों पर रहने को मजबूर है वहीं गंभीर रुप से बीमार गौवंश के उपचार में तक गंभीरता नहीं बरती जाने के मामले सामने आ रहे है.

ऐसा ही मामला नगर में पंचमुखी गौशाला में उस समय सामने आया जब एक गाय ने बछड़े को जन्म दिया और बछड़े के पैर में परेशानी थी जिसकों लेकर पशु चिकित्सालय फोन लगाया गया. लेकिन सुनवाई नहीं हुई और वहां से संतोषजनक जवाब नहीं मिला. इंतजार करने के बाद सीएम हेल्पलाईन 181 पर फोन लगाया एवं शिकायत दर्ज करवाई, तब जाकर पशु चिकित्सालय से एक कर्मचारी पंचमुखी गौशाला पहुंचा. गौसेवक जगदीश रघुवंशी का कहना है कि यदि समय पर उचित उपचार मिल जाता तो बछड़ा स्वयं पैर पर चलने लग जाता. उनका कहना है कि उन्होनें स्वयं पशु चिकित्सालय में फोन लगाया परन्तु कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला. नगर की सबसे पुरानी गौशाला में पंचमुखी गौशाला है, जहां सैंकड़ो गाये है जिनकी सेवा समिति, गौसेवको के द्वारा की जा रही है.

गौरतलब है कि नगर में आए दिन दुर्घटनाओं में घायल गौवंश को पंचमुखी गौशाला पहुंचा दिया जाता है जहां पर उनका उपचार किया जाता है. गौसेवक अपने स्तर पर उपचार कर देते है लेकिन रोग गंभीर होने पर पशु चिकित्सालय से सहयोग मांगा जाता है किंतु वहां से उचित सहयोग नहीं मिल पाता है. उधर उप संचालक पशु चिकित्सा सेवा डा. दीक्षित का कहना है कि उनको जानकारी मिली है हम बछड़े के उपचार के लिए स्टॉफ भेज रहे है.

### आज कृषि मंडी में होगा हिंदू सम्मेलन का आयोजन


**पचोर 24 दिसम्बर, सं.** संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर नगर में हिंदू सम्मेलन का आज आयोजन किया गयाा है. नगर में श्री गोपाल मंदिर पुरानी पचोर एवं श्री राम भक्त हनुमान भोजपुरिया से कलश यात्रा सुबह 10 बजे दोनों स्थानों से प्रारंभ होगी जो कृषि उपज मंडी आयोजन स्थल पर संपन्न होगी. तत्पश्चात दोपहर 12 धर्म सभा का आयोजन होगा देश के प्रख्यात संत बड़ी संख्या में उपस्थित हिंदू समाज को संबोधित करेंगे आयोजन समिति ने समग्र हिंदू समाज को सभा स्थल पर पहुंचकर धर्म सभा का एवं सहभोज में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया.

### ब्यावरा को नई पहचान दे सकती है पीपल चौराहे पर अटल प्रतिमा की स्थापना

# जिले में राजनीतिक शालीनता, संवाद और मानवीयता की मिसाल बनेगी अटल प्रतिमा !

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 24 दिसंबर,का.** अटल बिहारी वाजपेयी आज जीवित होते तो 101 वर्ष के होते. सात वर्ष पूर्व 2018 में उनका जाना देश की राजनीति की ऐसी अपूरणीय क्षति थी जिसे पूरा कर पाना भविष्य के अनेकों दशकों तक असंभव सा नजर आता है. आज 25 दिसंबर को हम उनकी 101 वीं जन्म जयंति मना रहे हैं. इस शुभ अवसर पर ब्यावरा नगरपालिका नगर के मुख्य चौराहे पर अटलजी की प्रतिमा स्थापित करवाने का प्रशंसनीय कार्य कर रही है.



**प्रसंगवश...**

**गोविन्द बड़ोने**

ब्यावरा की पहचान पीपल चौराहे से रही है. इसी पीपल के तले अब अटली की प्रतिमा स्थापित होने से ब्यावरा को एक नई पहचान मिलेगी. निश्चित तौर पर समाज 'वृक्षराज' बरगद की विशालता और अटलजी के व्यक्तित्व में साम्यता तलाशेगा और उनकी शालीनता, संवाद और मानवीयता की राजनीति को न केवल समझेगा बल्कि उनके विचारों को जीवन में उतारने का प्रयास करेगा.

खासकर अटलजी के विचार न केवल भाजपा के नेताओं, कार्यकर्ताओं बल्कि सभी राजनीतिक दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं के लिये प्रेरणास्त्रोत बनेंगे. अगर ऐसा होता है तो अटल प्रतिमा ब्यावरा-राजगढ़ जिले की राजनीति सुचिता की राजनीति का मानक बनने का आधार बन सकेगी. किसी भी महापुरूष की प्रतिमा की स्थापना का लक्ष्य प्राय: यह होता है कि उनके व्यक्तित्व को नई-पुरानी पीढ़ी याद रखे. अटलजी के व्यक्तित्व को वर्तमान दौर के जीवित लोगों ने करीब से देखा है. आज जो वरिष्ठ है उन्होंने भी और जो युवा है वे भी अटल जी के व्यक्तित्व से गहराई तक परिचित है. इसमें सोशल मीडिया ने भी बड़ी भूमिका निभाई है.

अटलजी के विचारों से यूट्यूब, गूगल, फैसबुक आदि सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म भरे पड़े है. इसमें उनके आलेख, कविता, वीडियो, भाषण से नई पीढ़ी ने उन्हें संसद के अंदर-बाहर, देश-विदेश में रखे गए उनके विचारों को सुना है, पढ़ा है.

यह संयोग है कि ब्यावरा में अटलजी की प्रतिमा नगर के प्रमुख पीपल चौराहे पर लगाई गई है. पीपल के पेड़ का हिंदू धर्म में बड़ा धार्मिक, आध्यात्मिक महत्व है. पीपल के पेड़ में ब्रह्मा, विष्णु और शिव का निवास माना जाता है. इसे वृक्षों का राजा 'वृक्षराज' माना जाता है और इसकी पूजा की जाती है. भगवान कृष्ण ने गीता में कहा है कि वे पीपल के पेड़ में निवास करते हैं. यह कहना अतिश्योक्तिपूर्ण नहीं है कि समाज 'वृक्षराज' बरगद की विशालता, उसके महत्व और अटलजी के व्यक्तित्व में साम्यता तलाशेगा.

भारतीय राजनीति में अटल बिहारी वाजपेयी का व्यक्तित्व, कृतित्व अनेकों विशेषताओं से युक्त था. वे लोकतांत्रिक मूल्यों के शिक्षक थे. उनके विचार सत्ता, विपक्ष और समाज तीनों के लिए सीख हैं. उनका व्यक्तित्व शालीनता, संवाद और मानवीयता से भरा हुआ था.

शब्दों की मर्यादा के साथ उनकी वाकपटुता जहां गंभीर वातावरण निर्मित करती थी वहीं माहौल को हंसनुमा, सहज बना देती थी. वे कहते थे 'लोकतंत्र में विरोध सरकार की कमजोरी नहीं, ताकत होता है'. एक वोट से 1996 में विश्वास मत हारने के बाद यह अटल जी ही कह सकते थे कि 'सरकारें आती-जाती रहती हैं, पार्टियां बनती-बिगड़ती रहती हैं, लेकिन देश रहना चाहिये'. उनके लिये सत्ता नहीं, राष्ट्र सर्वोपरि था. यही दृष्टि उन्हें अन्य नेताओं से अलग करती है. लाहौर बस यात्रा के दौरान आलोचनाओं के बावजूद उन्होंने कहा था 'मित्र बदले जा सकते हैं, पड़ोसी नहीं'. सत्ता के शिखर पर रहकर भी संवेदनशीलता और सादगी उनके व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा रही. उनकी बड़ी उपलब्धि यह भी थी कि विरोधी भी उनके प्रशंसक थे.

पोखरण में परीक्षण से उन्होंने भारत को परमाणु शक्ति के रूप में स्थापित किया. उन्होंने उस दौरान अंतरराष्ट्रीय दबाव का दृढ़ता से सामना किया और वे सिद्धांतों पर कायम रहे.

अटल जी का सम्मान जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी के साथ ही कांग्रेस ही नहीं वामपंथी, समाजवादी नेता भी करते थे. लेकिन अटलजी ने अपनी विचार धारा, सिद्धांतों और राष्ट्रीयता से कोई समझौता नहीं किया. उन्होंने संसद के अंदर और बाहर नेहरू -गांधी की मुखर आलोचना भी की. इसलिये अटलजी किसी दल के लिये नहीं हर राजनीतिक दल के नेता-कार्यकर्ता, खासकर राजनीति में आने वाले युवाओं के लिये प्रेरणा पुंज है. ब्यावरा की राजनीति ने यद्यपि कई मामलों में लंबी लकीर खींची है. यहां सत्ता और विपक्ष के बीच संवाद सहजता से होता है. कटुता की पराकाष्ठा भी देखने में नहीं आती है. उम्मींद की जानी चाहिए कि विकास को लेकर सत्ता और विपक्ष के लोग अटल जी की शैली को अपनाएंगे. अटलजी की प्रतिमा केवल साल में दो मर्तबा उनकी जन्मजयंति और पुण्यतिथि पर नेताओं के लिये फोटो खिंचाने की रस्मअदायगी न बने बल्कि उनके विचारों को आत्मसात करने का माध्यम बने. जितना सत्ता पक्ष उनसे सीखे उतना ही विपक्ष. विपक्ष चाहे अपनी विचार धारा के साथ राजनीति करें लेकिन उसमें अटलजी के व्यक्तित्व को केन्द्र में रखेगा तो इससे वह खुद का, नगर-जिले का और राष्ट्र का भला कर पायेगा. कांग्रेस और भाजपा में इस समय युवाओं को नेतृत्व मिला है. ये युवा ही भविष्य के नेता होंगे. दोनों दलों के युवाओं को अटलजी के इस संदेश को याद रखना चाहिए कि 'पहले अच्छा इंसान बनो, नेता अपने आप बन जाओगे'. अगर युवा इस विचार को आत्मसात कर लें तो एक बेहतर राजनीति का प्रार्दुभाव कर समाज को नई दिशा दे सकते है.

***अटलजी की जन्म जयंती पर उन्हें सादर आदरांजलि...***

### स्मार्ट कार, डस्टबिन और विज्ञान मॉडल का प्रदर्शन किया

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 24 दिसम्बर, सं.** शिशु मंदिर में छात्रों ने विज्ञान मॉडलों का प्रदर्शन किया. विज्ञान मॉडलों में स्मार्ट नगर परिषद डस्टबिन, यूटर्न रोड एक्सीडेंट, स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम, स्मार्ट कार पार्किंग सिस्टम, फायर अलार्म सिस्टम, अल्कोहल डिटेक्टिव डिवाइस, एलपीजी गैस डिटेक्टिव डिवाइस आदि मॉडल का प्रस्तुतिकरण किया. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता महाविद्यालय प्राचार्य बृजेंद्र सिंह बेस, अध्यक्षता आनंद गौड शिक्षक, विशेष अतिथि एस. एस.लहरिया प्रोफेसर, गजेन्द्र कुमार गुहिया शिक्षक, निर्मला प्रोफेसर, अशोक अग्रवाल एवं संस्था प्राचार्य शिवराज सिंह चौहान, समिति सदस्य भागीरथ धनगर, विपिन मिश्रा उपस्थित रहे. संचालन प्रज्ञा आचार्य दीदी ने किया. आभार उपेंद्र सक्सेना ने माना. इन मॉडलों का निर्माण करने में एटीएल इंचार्ज रामलाल लोधी की अहम भूमिका रही.

### पड़ाना में ग्रामीण समस्या समाधान शिविर आयोजित

**पड़ाना 24 दिसम्बर, सं.** बुधवार ग्राम पंचायत पड़ाना में ग्राम पंचायत परिसर में सुशासन सप्ताह के तहत ग्रामीण समस्या समाधान शिविर आयोजित किया. जिसमें सारंगपुर विकासखंड के कृषि राजस्व विद्युत विभाग महिला बाल विकास शिक्षा विभाग सहित सारंगपुर जनपद सहित अन्य विभाग की अधिकारी ने विभागी की योजनाओं के बारे में बताया. इसी दौरान कुछ लोगों ने अपनी जन समस्या विभागीय अधिकारियों के समक्ष रखी. जिसमें बताया कबीर बुनकर कॉलोनी में हितग्राही को 25-40 फिट का भूखंड आवंटित किया गया था. जहा अधिक जगह पर अतिक्रमण कर लिया जिससे कृषकों के ट्रैक्टर ट्राली मवेशी निकालने में परेशानी हो रही है. आम रास्ते से 50 से अधिक किसानों का प्रतिदिन आना जाना है कहीं बार विवाद निर्मित हो जाता है. इसी दौरान शिविर में ग्राम पंचायत सरपंच गोकुल प्रसाद दुगरिया पंचायत सचिव रोजगार सहायक सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे.

**सम्मेलन** — सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न, विधायक ने कहा- कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत

# जनकल्याण के कई विकास कार्य हुए हैं भाजपा सरकार में

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 24 दिसम्बर, का. मध्यप्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा विकास और सेवा के सफलतम दो वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष्य में राजगढ़ विधानसभा स्तरीय विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन स्थानीय स्तर पर किया गया. विधायक अमर सिंह यादव के आह्वान पर आयोजित इस सम्मेलन में कार्यकर्ताओं का भारी हुजूम उमड़ा, जिसने आगामी चुनावों और संगठन की मजबूती के लिए एक स्पष्ट संदेश दिया.**

यह आयोजन केवल एक उत्सव मात्र नहीं था, बल्कि संगठन को वैचारिक रूप से सशक्त करने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा फूंकने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ.



कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विधायक अमर सिंह यादव के नेतृत्व में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और भारत माता के पूजन के साथ हुआ. सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रोडमल नागर उपस्थित रहे. मंच की शोभा बढ़ाने वाले अन्य प्रमुख नेताओं में पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, प्रताप मंडलोई, और पूर्व जिला अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान शामिल थे.

स्थानीय प्रशासन और संगठन की ओर से नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश गुप्ता, खुजनेर के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पंकज शर्मा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. अतिथियों का स्वागत स्थानीय कार्यकर्ताओं ने पुष्पहारों और नारों के साथ गर्मजोशी से किया.

अपने संबोधन में विधायक अमर सिंह यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार के पिछले दो वर्ष प्रदेश के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखे जाएंगे. उन्होंने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा, आज जो जनसैलाब यहाँ उमड़ा है, वह इस बात का प्रमाण है कि हमारी सरकार की नीतियां हर घर तक पहुँची हैं. एक विधायक के रूप में मेरा लक्ष्य राजगढ़ के हर व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है और इसमें कार्यकर्ताओं की भूमिका सबसे अहम है.

### सांसद और पूर्व विधायकों ने भरा जोश

सांसद रोडमल नागर ने सरकार की उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि भाजपा सरकार विकास, विश्वास और सुशासन के मंत्र पर चल रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ जीतो-चुनाव जीतो के मंत्र को साकार करें. पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा और प्रताप मंडलोई ने अपने राजनीतिक अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि किस तरह विपरीत परिस्थितियों में भी संगठन ने अपनी जड़े मजबूत की हैं. उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगामी चुनौतियों के लिए तैयार रहने का मार्गदर्शन दिया.

# छात्रों ने सीखा ब्लड ग्रुप को जांचना

नवभारत न्यूज

**करनवास 24 दिसम्बर, सं.** स्थानीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीलवाड़िया में जीवविज्ञान के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष व्यावहारिक सत्र का आयोजन किया गया. संस्था की शिक्षिका श्रीमती कविता यादव ने कक्षा 11वीं और 12वीं के जीवविज्ञान समूह के छात्र-छात्राओं को ब्लड ग्रुप निकालने की विधि का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया. इस शैक्षणिक गतिविधि के दौरान न केवल विद्यार्थियों को किट के उपयोग की जानकारी दी गई. बल्कि उनका आत्मविश्वास बढ़ाने हेतु प्रत्यक्ष परीक्षण भी किए गए. इस दौरान कक्षा के छात्र दीक्षांत वर्मा ने सभी का डेटा एकत्रित करने और रिकॉर्ड संधारित करने में महत्वपू सहयोग प्रदान किया. अंत तव कुल 24 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के ब्लड ग्रुप की जांच क रिपोर्ट तैयार की गई. विद्यालय वे प्राचार्य लाखन सिंह यादव ए स्टाफ ने शिक्षिका कविता के इस व्यावहारिक शैक्षणिक पहल क सराहना की. जिससे छात्रों क किताबी ज्ञान के साथ-सा जीवनोपयोगी कौशल भी सीख को मिला.

